सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 241 | इंदौर, बुधवार 18 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कार को चार्जिंग में लगा सोया था इंदौर का परिवार

# ईवी में आग लगने से जिंदा जल गए 8

**इंदौर** इंदौर में ईवी चार्जिंग से आग लगने के कारण अब तक 8 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ चुकी है। जानकारी के मुताबिक, परिवार रात में ईवी कार को चार्जिंग से लगाकर सो गया था, लेकिन रात में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने घर को काबू में कर लिया। घटना ने सबको इलेक्ट्रिकल व्हीकल के उपयोग पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। घटना पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने चिंता प्रकट करते हुए कहा- "ये हम सबके लिए सोचने वाली बात है, क्योंकि पूरा समाज-पूरी दुनिया ईवी की तरफ जा रही है।"

### ईवी कार चार्जिंग में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

पुलिस के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात एक इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। कार में लगी आग तेजी से घर तक फैल गई। इसने अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ देर बाद एक के बाद एक सिलेंडर



फटने लगे, जिससे पूरा इलाका दहल गया। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला।

### मृतकों में ये लोग हैं शामिल

इस भीषण अग्निकांड में मकान मालिक मनोज जैन पुंगलिया (60 वर्ष) सहित कुल 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में सिमरन (30 वर्ष), विजय सेठिया, सुमन सेठिया, राशि (15 वर्ष), छोटू सेठिया और मासूम तनय शामिल हैं। वहीं सौरभ (32 वर्ष), सुनीता (58 वर्ष) और सोमिल को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया, हालांकि तनय पहले लापता बताया गया था, बाद में उसका शव बरामद हुआ।

### मंत्री बोले- ये ईवी का युग, बहुत सोचने वाली बात

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बातचीत में आगे कहा- ये ईवी का युग है। ईवी के चार्जिंग में आग लगी है। मतलब ये हम सबके लिए सोचने वाली बात है, क्योंकि पूरा समाज-पूरी दुनिया ईवी की तरफ जा रही है। हमने पुलिस कमिश्नर से कहा है- एक एक्सपर्ट की कमेटी बनाओ, आग कैसे लगी? पूरी जानकारी लेकर एसओपी बनाओ। क्योंकि हर घर के अंदर आज लोग सोचते हैं कि नई गाड़ी खरीदनी है तो ईवी खरीदिए।

### ये बहुत अलार्मिंग है

आज विश्व के अंदर तेल को लेकर जो चल रहा है, उसमें तेल के क्या भाव होंगे किसी को कुछ पता नहीं है। ऐसे में सब लोग ईवी के बारे में ही सोच रहे हैं। मैं भी ईवी के बारे में ही सोच रहा हूं कि अगली गाड़ी कोई खरीदना है तो ईवी ही खरीदना है। लेकिन, अगर ईवी की चार्जिंग से कोई आग लगी है, तो ये सोचना है कि कहां और क्यों आग लगी है। ये बहुत अलार्मिंग है। पूरे ईवी वाले कहते हैं, सब सेफ है.. सब सेफ है... लेकिन आग का कारण ईवी है। जांच होनी चाहिए।

## सीसीआईपी बैठक में उद्योगों को अतिरिक्त रियायतें देने पर सहमति

- 12 नई इकाइयों से 12 हजार रोजगार के अवसर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्रालय में निवेश संवर्धन संबंधी मंत्रि-परिषद समिति (CCIP) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की, जिसमें विभिन्न औद्योगिक प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। साथ ही उद्योगों को नीति के तहत मिलने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त कुछ विशेष रियायतें देने पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 को "उद्योग और रोजगार वर्ष" के रूप में मनाने से राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं।**

बैठक में 12 प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के निवेश प्रस्तावों पर विचार किया गया। इनमें मेसर्स पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स प्रा.लि., मेसर्स पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशन्स प्रा.लि., मेसर्स ट्राइडेंट लि., अंबुजा कंक्रीट नॉर्थ प्रा.लि., अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजी लि., बालाजी वेफर्स प्रा.लि., बारमॉल्ट मॉल्टिंग इंडिया प्रा.लि., एसीसी लि., एलेंबिक फार्मास्युटिकल्स लि., रॉलसर टायर लि. एवं दौलतराम एन.आर.ई.सी. लोकोमोटिव्स शामिल हैं। इन सभी इकाइयों की स्थापना से करीब 12 हजार लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है।

बैठक में बताया गया कि ट्राइडेंट लिमिटेड सीहोर जिले में करीब 1190 करोड़ रुपये की लागत से टेरी टॉवेल निर्माण इकाई स्थापित करेगी, जिससे 3 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा कंपनी एक बेडशीट निर्माण इकाई भी लगाएगी, जिसमें लगभग 2800 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजी लि. द्वारा शिवपुरी जिले में रक्षा उत्पादन क्षेत्र में 2145 करोड़ रूपए का निवेश किया जाएगा। इस इकाई से 1600 व्यक्तियों को सीधा रोजगार प्राप्त होगा। वहीं एसीसी लिमिटेड कटनी में सीमेंट निर्माण इकाई का संचालन कर रही है, जिससे 780 लोगों को रोजगार मिल रहा है। उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स लि. की नई यूनिट प्रस्तावित है, जिससे 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सहित कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी जिले में पहली बार पधारे पुलिस अधीक्षक श्री पद्मभूषण शुक्लजी से एमआरपी, प्रबंध संपादक डीजीआर ग्रुप द्वारा शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले की कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा, मीडिया की भूमिका एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। एमआरपी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री शुक्लजी के कुशल नेतृत्व में बड़वानी जिले में शांति, सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही उन्होंने पुलिस-जन संवाद को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।**



# मिशन बस्ती बेमिसाल... निगम कमिश्नर-महापौर ने लगाई झाड़ू

**इंदौर। स्वच्छता में 8 बार के सिरमौर इंदौर में अब बस्ती बेमिसाल अभियान शुरू किया है। मंगलवार को इस अभियान का शंखनाद किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने वार्ड 31 के शिवनगर (बांबे हॉस्पिटल के पास) से इसकी शुरुआत की। खासबात यह रही कि यहां महापौर और निगम कमिश्नर ने अन्य लोगों के साथ रोड़ पर झाड़ू लगाई और एक रहवासी के घर चाय पीते हुए चर्चा भी की। बता दे कि 23 मार्च तक अलग-अलग बस्तियों में ये अभियान चलाया जाएगा।**





पानी की टंकी के पास स्वच्छ चौपाल लगाई गई। यहां रहवासियों के साथ कचरा कलेक्शन और सेग्रीगेशन पर बातचीत की। इस चर्चा के बाद महापौर, निगम कमिश्नर सहित जनप्रतिनिधियों ने रोड़ की सफाई करते हुए झाड़ू भी लगाई। महापौर बोले इंदौर के स्वच्छता अभियान में शहर की बड़ी-बड़ी कॉलोनी के साथ ही स्लम और छोटी-छोटी बस्तियों का महत्वपूर्ण सहयोग है। स्वच्छता पर बातचीत करते हुए महापौर ने महिलाओं से पूछा - आप कितने प्रकार का कचरा कलेक्शन करती हैं ? कचरा कलेक्टर में कितने प्रकार के कचरे दिए जा सकते हैं ? जिस प्रकार घर के अंदर सफाई करते हैं, क्या घर के बाहर रोड पर भी सफाई करते हैं ? घर से निकलने वाले बिना इस्तेमाल के सामान का क्या करते हैं ? इस पर महिलाओं ने स्वच्छता में सहयोग करने और अलग-अलग कचरा कलेक्शन के बारे में महापौर को बताया। महापौर बोले- शहर की जो बस्तियां हैं, और वहां की जागरूक महिलाओं-रहवासियों के सहयोग से साफ और सुंदर है।

**इन बस्तियों में होंगे कई प्रोग्राम**

29 स्लम बस्तियों में विभिन्न प्रोग्राम किए जाएंगे। इसमें - ईश्वर नगर, विकास नगर, नट कॉलोनी, बजरंग नगर काकड़, गोसिया नगर, नया बसेरा, प्रेम नगर, अन्नाभाऊ साठे स्लम बस्ती, प्रेम नगर काकड़, इंदिरा एकता नगर, अनुराधा नगर बस्ती, भावना नगर, बनवारी नगर, पतरे की चाल, रमाबाई कॉलोनी, डायमंड कॉलोनी, अहमद नगर, बापू गांधीनगर, शिव बस्ती, बजरंग नगर, लसूडिया मोरी, निरंजनपुर नई बस्ती, विस्तार काकड़, शिव दर्शन नगर, रस्सी मैदान, गंगा बाई आदि बस्ती। आज के अभियान में पार्षद बालमुकुंद सोनी, अपर आयुक्त प्रखर सिंह, महापौर प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ठाकुर सहित रहवासी मौजूद रहे।

महापौर ने घर के बाहर किसी भी प्रकार रेड स्पॉट ना हो इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया। वे बोले - सबसे स्वच्छ और सुंदर बस्ती के लिए सर्वे और कॉम्पिटिशन भी की जाएगी, इसलिए सभी लोग इस अभियान में सहयोग करें। महापौर, निगम कमिश्नर,अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने साथ अभियान के बाद शिव नगर बस्ती में रहने वाले गब्बर कनीराम सिरसाटे के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार के लोगों से मुलाकात की और चाय पर परिवार के लोगों के साथ बातचीत की। निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा - शहर की 29 स्लम बस्तियों में स्वच्छता को लेकर अलग-अलग प्रोग्राम किए जा रहे हैं, इंदौर की स्लम और बस्तियों में इंदौर की स्वच्छता अभियान का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने लोगों से अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

# कपड़ा शोरूम को बनाया निशाना, मुंह छुपाकर की चोरी




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रणजीत हनुमान मेन रोड पर स्थित एक कपड़ा शोरूम में रविवार देर रात दो बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश यहां से करीब 1 लाख रुपए नकद और महंगे कपड़े चुराकर फरार हो गए। सोमवार सुबह शोरूम खुलने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

द्वारकापुरी थाना पुलिस ने मनीष बतरा की शिकायत पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मनीष, गुमाश्ता नगर स्थित गोकुल अपार्टमेंट निवासी हैं और शोरूम में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात शोरूम बंद कर घर गए थे। देर रात दो बदमाश मौके पर पहुंचे, जिनमें से एक शटर उचकाकर अंदर घुसा, जबकि दूसरा बाहर निगरानी करता रहा। अंदर घुसे बदमाश ने काफी देर तक सामान खंगाला और काउंटर के गल्ले से करीब 1 लाख रुपए नकद निकाल लिए। इसके अलावा शोरूम में रखे महंगे कपड़े भी चोरी कर लिए। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सोमवार सुबह जब मनीष शोरूम पहुंचे तो शटर के ताले टूटे मिले। इसके बाद उन्होंने तुरंत मालिक और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। इससे पहले उषानगर मेन रोड पर कपड़ा व्यापारी शीलकुमार पोरवाल के घर में करीब 15 लाख रुपए के जेवर चोरी हो गए थे। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने से पुलिस को जांच में मुश्किल हो रही है और संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# जयस छात्र संगठन का प्रदर्शन, भड़के छात्र

## पुलिस से धक्का-मुक्की, काफी देर तक चलता रहा प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर जयस छात्र संगठन के साथ छात्र मंगलवार को इंदौर कलेक्टर ऑफिस के बाहर पहुंचे। काफी देर तक वे ज्ञापन देने के लिए कलेक्टर का इंतजार करते रहे, लेकिन जब उनका धैर्य खत्म हो गया तो उन्होंने कलेक्टर ऑफिस में घुसने की कोशिश की, मगर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। काफी देर तक कलेक्टर ऑफिस के बाहर यह प्रदर्शन चलता रहा।**



मंगलवार को कलेक्टर ऑफिस के बाहर बड़ी संख्या में छात्र जयस छात्र संगठन के बैनर तले पहुंचे। हाथों में मांगों की तख्तियां लिए छात्र कड़ी धूप में कलेक्टर ऑफिस के बाहर बैठ गए। वे काफी देर से कलेक्टर से मिलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन काफी देर बाद भी जब वे कलेक्टर से नहीं मिल पाए तो उनका धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने कलेक्टर ऑफिस के अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस की बैरिकेडिंग हटाने का भी प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की भी हुई, मगर पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। जयस प्रदेश अध्यक्ष पवन डावर ने बताया कि टंट्याभील चौराहे से लेकर कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च के रूप में यहां आए। जयस छात्र संगठन और जयस संगठन यहां मौजूद है। यहां पूरे प्रदेशभर से स्टूडेंट्स आए हैं। उनकी मांग थी कि आए दिन स्टूडेंट्स के साथ अत्याचार हो रहा है, शोषण हो रहा है। बैकलॉग के पदों पर कुछ बोल नहीं रहे हैं, पिछले गेट से नौकरी दे रहे हैं। एग्जामों में घोटाला हो रहा है। व्यापम में घोटाला हो रहा है। उन्होंने नेगेटिव मार्किंग बंद कराने, भ्रष्टाचार बंद कराने की मांग की। बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिल रही है। इसके साथ ही वे विभिन्न मांगों को लेकर यहां पहुंचे थे। काफी देर चले हंगामें के बाद एडीएम रोशन राय बाहर आए और पदाधिकारियों की बात सुनी। साथ ही उनके द्वारा जो ज्ञापन लाया गया था, उसे भी सुना और उनसे ज्ञापन भी लिया। एडीएम ने उनकी मांगों को लेकर उन्हें आश्वासन दिया। समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और स्टूडेंट्स और पदाधिकारी वापस लौटे।

# आरएसएस के मालवा प्रांत का होगा विभाजन

## अब इंदौर और उज्जैन संभाग बनेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अब मालवा प्रांत के बजाय आरएसएस के इंदौर और उज्जैन संभाग बनेंगे। आरएसएस की हरियाणा में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में प्रांत के बजाय संभागीय व्यवस्था करने का फैसला है। अगले साल से इंदौर के मालवा प्रांत में इसका असर देखने को मिलेगा।**




मालवा प्रांत की रचना 2009 में की गई थी, जिसमें इंदौर और उज्जैन जिले आते थे। अब उसमें भी बदलाव किया गया है। अब इंदौर और उज्जैन संभाग के हिसाब से नई रचना होगी। मध्यप्रदेश में 9 से 11 संभाग हो सकते हैं। संभागों की संरचना प्रांत की तरह ही रहेगी और प्रचारकों को हर संभाग की जिम्मेदारी दी जाएगी।

मालवा प्रांत के संघचालक प्रकाश शास्त्री ने बताया कि अगले वर्ष मार्च तक संभागीय व्यवस्था काम शुरू कर देगी। उसमें क्या पद होंगे, इसका फैसला बैठक में होगा। संभाग और क्षेत्र रचना के अलावा प्रदेश कार्यसमिति की व्यवस्था भी रहेगी। इसके अलावा अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का अधिवेशन भी तीन वर्ष में एक बार आयोजित किया जाएगा। इंदौर में इस वर्ष अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित होगी। इस बैठक में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित देश के सभी प्रांतों से 450 कार्यकर्ता शामिल होंगे। मालवा प्रांत की गतिविधियों की जानकारी देते हुए प्रांत के संघचालक प्रकाश शास्त्री और प्रांत कार्यवाह विनीत नवाथे ने बताया कि मालवा प्रांत में कुल 1359 मंडल हैं, जहां संघ का नेटवर्क है। मालवा प्रांत में 5045 शाखाएं हैं, जिनसे हजारों स्वयंसेवक जुड़े हैं। मालवा प्रांत में लगातार संघ का विस्तार चल रहा है। गृह संपर्क अभियान में संघ की टोलियों ने 32 लाख परिवारों से संपर्क किया और भारत माता के चित्र और पत्रक वितरित भी किए।

# पति दूसरी महिला के साथ गया, गर्भवती पत्नी से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक महिला काजल रायकवार ने अपने पति शुभम और उसके परिवार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि शादी के बाद से ही उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके चलते महिला ने सोमवार शाम जहर खाकर सुसाइड की कोशिश भी की। उसने आरोप लगाया कि यदि मैंने पति शुभम को तलाक नहीं दिया तो मुझे झूठे केस में फंसा देंगे।**



काजल को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर ससुराल वालों पर आरोप भी लगाए हैं। सदर बाजार पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। महिला के अनुसार, उसके पति पेशे से सिलाई का काम करते हैं। वो 20 दिन पहले बाणगंगा इलाके की एक लड़की के साथ भाग गया था। उसके दूसरी महिला (प्रियंका/आयशा) के साथ संबंध हैं और वह उसके साथ ही रहता था। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे जान से मारने की धमकी दी। सुसाइड से पहले लिखे पत्र में महिला ने लिखा कि सास राधा, देवर गौरव और ननंद दीपिका व ससुराल के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। उसे कई बार घर से निकालने और तलाक देने के लिए दबाव बनाया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि जब वह गर्भवती हुई तो उस पर गर्भ गिराने का दबाव बनाया गया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई, यहां तक कि उसके पेट पर भी हमला किया गया। महिला ने कहा कि 10 मार्च 2026 को उसका पति दूसरी महिला के साथ चला गया। इसके बाद ससुराल पक्ष ने भी मेरा साथ नहीं दिया। महिला ने यह भी बताया कि उसकी शादी परिवार की सहमति से हुई थी और शादी से पहले दोनों एक-दूसरे को जानते थे। लेकिन शादी के बाद हालात बिगड़ते चले गए।

महिला ने बताया कि पति से उसकी लव मैरिज हुई थी। दोनों एक-दूसरे को 2017 से जानते थे और परिवार की राजीमर्जी से 2020 में दोनों ने शादी की। उस समय मामला थाने तक भी पहुंचा था। इस कारण मेरे मायके वालों ने ससुराल वालों को दहेज भी नहीं दिया। इसके चलते मेरे ससुराल वालों ने मेरे साथ मारपीट की। मेरे नंदोई हीरा गौड़ ने भी मेरे साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। परिवार ने मुझे और शुभम को कानूनी रूप से परिवार से अलग भी कर दिया था। वे तलाक के लिए मुझ पर लगातार दबाव भी बनाते थे। काजल ने सुसाइड करने के लिए जहर खा लिया। इससे पहले उसने वीडियो भी बनाया। उसने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# कांग्रेस का निगम आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन, प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर हंगामा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में मकानों के खुले हिस्से पर लगाए जा रहे संपत्ति कर को लेकर विरोध तेज हो गया है। कांग्रेस ने इस टैक्स को अनुचित बताते हुए साफ कहा है कि इसकी वसूली नहीं होने दी जाएगी।**

मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर इस फैसले को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने किया।

कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि मकानों में छोड़े गए खुले स्थान पर टैक्स लगाना पूरी तरह गलत है और इससे आम नागरिकों पर अनावश्यक बोझ बढ़ेगा। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि इस टैक्स की वसूली नहीं रोकी गई तो सड़कों पर उतरकर विरोध किया जाएगा।

चिंटू चौकसे ने कहा कि नगर निगम का कोई भी अधिकारी यदि इस टैक्स की वसूली के लिए क्षेत्र में जाएगा, तो कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निगम के माध्यम से लगाया जा रहा यह टैक्स मनमाना है और इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। वहीं, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कांग्रेस का ज्ञापन लेने के बाद कहा कि इस मामले की समीक्षा की जाएगी और इसके सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस के अनुसार इस फैसले का असर शहर के करीब 8 लाख संपत्ति मालिकों पर पड़ेगा और छोटे प्लॉट के मालिकों को भी हर साल करीब 800 से 3 हजार रुपए तक का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है। कांग्रेस ने इस निर्णय को मनमाना बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि इसे वापस नहीं लिया गया तो पार्टी शहरभर में आंदोलन करेगी। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि नगर निगम की एमआईसी में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है। यह मध्य प्रदेश सरकार का निर्णय है, जिसे लागू किया जा रहा है और इस पर नगर निगम ने अलग से कोई विचार नहीं किया है।

# राजा रघुवंशी हत्या कांड के आरोपी शिलोम जेम्स ने पड़ोसियों से की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में पटाखे फोड़ने के विवाद में राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी रहे शिलोम जेम्स ने अपने पड़ोसियो से मारपीट कर दी। आरोप है कि भाईयों के साथ हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। इस मामले में शिलोम ने पहले लसूडिया थाने जाकर शिकायत की। दूसरे पक्ष ने टीआई से मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद शिलोम पर एफआईआर की गई।**



पुलिस के मुताबिक फरियादी सचिन वर्मा निवासी महालक्ष्मी नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च की रात करीब 11 बजे टी-20 क्रिकेट मैच खत्म होने के बाद वह अपने घर के सामने परिवार के साथ पटाखे फोड़ रहे थे। इसी दौरान वहां खड़ी कारों को लेकर शिलोम जेम्स ने आपत्ति जताई और अपशब्द कहे। सचिन के अनुसार जब उनके भाई सुमित ने अपशब्द कहने से रोका तो शिलोम जेम्स और उसके साथी विकास सोनी भड़क गए और दोनों भाइयों के साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते-जाते दोनों आरोपी धमकी देकर गए कि दोबारा कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद शिलोम ने थाने में शिकायत कर दी। जब पुलिस ने जांच की तो मामला और कुछ निकला। लसूड़िया टीआई तारेश सोनी ने बताया कि इस मामले में सभी के मेडीकल परीक्षण कराए गए। सचिन और सुमित उनसे मिले तो पूरे घटना की जानकारी दी और बताया कि शिलोम उन्हें राजा हत्याकांड का हवाला देकर धमका रहा था। इसके बाद उस पर कारवाई की गई।

# वयोवृद्ध शिक्षाविद् माधव परांजपे का 96 वर्ष की उम्र में निधन

## हजारों विद्यार्थियों को दी नई दिशा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। अग्रणी शिक्षाविद् माधव पराजंपे सर का सोमवार देर रात निधन हो गया। 96 वर्षीय परांजपे सर वर्तमान में श्री सत्य साईं विद्या विहार इंदौर, रतलाम और गुना के निदेशक थे। इसके पूर्व वे वैष्णव स्कूल और डेली कॉलेज जैसी कई शिक्षा संस्थाओं के प्राचार्य और शिक्षक रहे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने श्री सत्य साईं विद्या विहार इंदौर, विजयपुर गुना और रतलाम को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया। वे वास्तव में मानवीय मूल्यों की एक जीवंत पाठशाला थे। उनके व्यक्तित्व में अनुशासन, समर्पण, विद्वता और सादगी का अद्भुत संगम था। हजारों विद्यार्थियों और शिक्षकों के जीवन को उन्होंने अपने मार्गदर्शन से नई दिशा दी। श्री सत्य साईं विद्या विहार का निदेशक बनने के पूर्व उन्होंने डेली कॉलेज, वैष्णव स्कूल तथा गुजरात के वापी में भी अपनी सेवाएं दीं और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें समय-समय पर अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से भी अलंकृत किया गया। वे अपने समय के एक विख्यात कमेंटेटर भी रहे। विद्यालय में स्थित श्री सत्य साईं स्टूडियो में उन्होंने अनेक डॉक्यूमेंट्री और सत्य साईं बाबा के प्रवचनों को अपनी गंभीर, प्रभावशाली आवाज दी, जो आज भी सभी को प्रेरित करती है। साथ ही उन्होंने श्री सत्य साईं विद्या वाहिनी प्रोजेक्ट को दिशा प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री सत्य साईं विद्या विहार विजयपुर गुना के प्राचार्य मनोज कोठेकर ने बताया कि 96 वर्ष की उम्र में भी उनका उत्साह और कर्मनिष्ठा अद्भुत थी। उनका प्रतिदिन विद्यालय आना, घंटों अध्ययन करना और शिक्षा के प्रति निरंतर समर्पित रहना हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि परांजपे सर ने मुझे डेली कॉलेज में पढ़ाया था।



# झांसा देकर दुष्कर्म, डेढ़ लाख भी ठगे

## ज्वेलरी शॉप पर हुई थी दोस्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा इलाके में रहने वाली एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी रितेश राठौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

परदेशीपुरा थाना पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की पहचान वर्ष 2024 में एक ज्वेलरी शॉप पर रितेश से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और कुछ महीनों बाद आरोपी युवती के कमरे पर आने-जाने लगा। इस दौरान उसने शादी का प्रस्ताव रखा, जिस पर युवती ने भरोसा कर सहमति दे दी। सितंबर 2024 में आरोपी युवती के अपार्टमेंट में आया और शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह कई बार इसी तरह संबंध बनाता रहा। पीड़िता के अनुसार, जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने व्यापार में परेशानी का हवाला देते हुए उससे पैसे मांगे। भरोसे में आकर युवती ने उसे करीब डेढ़ लाख रुपए दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने युवती से दूरी बना ली, उसके फोन उठाना बंद कर दिया और इंदौर छोड़कर फरार हो गया। सच्चाई सामने आने पर पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री ने उज्जैन में 662 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

# गुजरात से चीन सीमा तक बनेगा नया हाईवे, उज्जैन को मिलेगा बड़ा फायदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के सौगातें मिल रही हैं। महाकाल की नगरी में विकास के नए आयाम लिखे जा रहे हैं। मंगलवार को उज्जैन में 667 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन राज्यपाल और सीएम ने मिलकर किया। सीएम ने बताया कि उज्जैन को बदनावर से 8-लेन सुपर एक्सप्रेस हाईवे और गुजरात के सोमनाथ को सीधे महाकाल से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे की मंजूरी मिल गई है। सिंहस्थ के मद्देनजर किए जा रहे इन कार्यों के लिए सरकार ने 3600 करोड़ रुपए का का भारी-भरकम बजट भी आवंटित किया है।**



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है कि उज्जैन विकास की 662 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का भूमि-पूजन केवल अवसंरचनाओं का निर्माण मात्र नहीं है। यह उज्जैन के गौरवशाली भविष्य और सांस्कृतिक एवं अभ्युदय का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के माध्यम से समर्थ, समृद्ध और सशक्त विकसित भारत के दिव्य संकल्प की सिद्धि का प्रतीक भी है। उन्होंने त्रिवेणी विहार में इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर 'गीता भवन' निर्माण के निर्णय के लिए डॉ. मोहन यादव की सरकार को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कन्या-पूजन के साथ किया। कार्यक्रम में भूमि-पूजन और विकास कार्यों का प्रेजेंटेशन किया गया। शुरूआत में राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ-2028 के विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सीएम मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ की दृष्टि से आज उज्जैन को 664 करोड़ से अधिक के न भूतो न भविष्यति जैसे विकास कार्यों की सौगात मिली है। चैत्र नवरात्र और गुड़ी पड़वा से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जैन को बदनावर से 8 लेन सुपर एक्सप्रेस हाईवे की सौगात दी है। दिल्ली जाने के लिए देवास-इंदौर के पास से सीधे गरोठ हाईवे भी मिला है। इसके अलावा 3839 करोड़ लागत का नेशनल हाईवे गुजरात के द्वारका से असम में चीन सीमा तक बनेगा। यह एनएच गुजरात के सोमनाथ और उज्जैन के महाकाल को सीधे जोड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में सिंहस्थ की साल 2026-27 में 3600 करोड़ के कार्यों के लिए नए प्रावधान किए हैं। भगवान मंगलनाथ की कृपा से लगभग 664 करोड़ के अलग-अलग कार्यों में नए मार्ग, विक्रम आरओबी, सड़क चौड़ीकरण, नए सीसी रोड भी शामिल हैं। उज्जैन में 77 करोड़ से अधिक लागत के गीता भवन निर्माण के लिए भी भूमि-पूजन किया गया है। प्रदेश में विकास का क्रम जारी है। प्रदेश के नगरीय निकायों में गीता भगवन, गांवों में आदर्श ग्राम, वृंदावन ग्राम बनाए जा रहे हैं।

### माता यशोदा से बच्चों को मुफ्त दूध मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के बच्चों को स्कूलों में निःशुल्क दूध के पैकेट मिलेंगे। इसके लिए माता यशोदा के नाम से नई योजना की शुरुआत की गई है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की आय बढ़ाने और पशुपालन के माध्यम से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। पशुपालन विभाग ने सवा साल में 25 प्रतिशत दूध उत्पादन बढ़ाया है। किसानों को 5 से 8 रुपए लीटर अधिक मूल्य का लाभ मिला है। प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज और यूनिवर्सिटी में जरूरी बदलाव किए गए हैं।

### इंदौर-जबलपुर के बाद उज्जैन में तीसरा गीता भवन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि उज्जैन में भव्य गीता भवन सहित करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन भविष्य के सांस्कृतिक अभ्युदय का शंखनाद है। इंदौर और जबलपुर के बाद आज उज्जैन में भव्य गीता भवन तैयार करने के लिए भूमि-पूजन हुआ है। यह गीता भवन प्रदेशवासियों में सुसंस्कारों का बीजारोपण और सनातन ज्ञान को आगे बढ़ाने वाला दूरदर्शी कदम है। यहां युवाओं, शोधार्थियों और नागरिकों को भारतीय ज्ञान परंपरा, दर्शन और संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी। जो समाज में भारतीय सांस्कृतिक ज्ञान और मूल्यों की परंपरा के विस्तार में सहायक सिद्ध होगा।

## दुर्घटना में भाजपा नेता समेत 3 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन-नागदा मार्ग पर उन्हेल टोल नाके से 5 किलोमीटर पहले मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और आयशर ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार की आगे की सीट पर बैठे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उज्जैन के ग्लोबल और अवंति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी सांवरिया सेठ जा रहे थे। इलाज के दौरान एक और घायल सुरेश नवलानी ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। सुरेश नवलानी सिंधी कॉलोनी निवासी थे। वे तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके दो भाई सुनील और सुशील हैं। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। इस हादसे में उज्जैन के देवेंद्र जोशी और भाजपा नेता कैलाश (रिंकू) शर्मा की पहले ही मौत हो चुकी थी। वहीं प्रवेश मारोठिया का अस्पताल में इलाज जारी है।

## हाईकोर्ट ने आर्मी ऑफिसर के विरुद्ध दुष्कर्म की एफआईआर निरस्त की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने आर्मी आफिसर के विरुद्ध दुष्कर्म की एफआइआर निरस्त करने का आदेश पारित किया। कोर्ट ने आदेश में साफ किया कि आपसी सहमति से संबंध बने थे, बाद में दबाव बनाने की नीयत से एफआईआर दर्ज कराई गई। चूंकि प्रकरण सहमति का है, अतः अपराध की परिधि में नहीं आता। इससे साफ है कि जब दोनों के बीच रिश्ते में खटास आई, तब शिकायतकर्ता ने आर्मी ऑफिसर पर रिश्ता जारी रखने का दबाव बनाने के लिए यह एफआईआर दर्ज कराई। 13 साल तक चले लंबे और निरंतर रिश्ते को देखते हुए यह मानना असंभव है कि शारीरिक संबंध केवल शादी के झूठे वादे के आधार पर बने थे। कोर्ट ने साफ किया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 यानी धोखे से शारीरिक संबंध बनाना और धारा 351(2) के तहत कोई सबूत नहीं मिला है।**

कोर्ट ने इसे कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग मानते हुए आर्मी ऑफिसर की वह याचिका स्वीकार कर ली, जिसके जरिए एफआईआर निरस्त किए जाने की प्रार्थना की गई थी। एफआईआर एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा दर्ज कराई गई थी। उसका आरोप था कि आर्मी ऑफिसर ने शादी का प्रलोभन देकर संबंध बनाए। वहीं आर्मी ऑफिसर की ओर से दलील दी गई कि दोनों के बीच 2012 से सबंध थे। दरअसल, 2012 में भोपाल की आर्मी कैंटीन में दोनों की पहली मुलाकात हुई और मोबाइल पर बातें शुरू हुईं। महिला का आरोप था कि आर्मी ऑफिसर ने खुद को कुंवारा बताया, लेकिन 2013 में पता चला कि वह शादीशुदा है। इसके बावजूद दोनों के बीच संबंध 2025 तक जारी रहे। आर्मी आफिसर ने भरोसा दिलाया था कि वह अपनी पत्नी से तलाक लेकर उससे शादी करेगा। 2025 में महिला को पता चला कि आर्मी ऑफिसर अन्य महिलाओं के भी संपर्क में था।। इसके बाद आर्मी ऑफिसर ने कथित तौर पर उसे धमकी दी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

## मध्यप्रदेश की तहसीलदार को एससी से झटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील में पदस्थ तहसीलदार अमिता सिंह तोमर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वर्ष 2021 के बहुचर्चित बाढ़ राहत घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि मामले में राहत देने का कोई ठोस आधार नहीं बनता। इससे पहले हाईकोर्ट भी उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर चुका था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। कोर्ट नंबर 13 में हुई सुनवाई में न्यायाधीशों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राहत देने से इनकार कर दिया और संबंधित सभी लंबित आवेदनों को भी समाप्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब उनकी गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है।

## ट्रक ने तोड़ी श्मशान की बाउंड्री वाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पीथमपुर, एजेंसी।** औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार शाम एक लोडिंग वाहन तकनीकी खराबी के कारण अचानक रिवर्स हो गया। बेकाबू हुए इस वाहन ने पास ही स्थित श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल तोड़ दी। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ। यह घटना सेक्टर एक थाना क्षेत्र के नगर पालिका चौराहे के पास शाम करीब 5:30 बजे हुई। आयशर लोडिंग वाहन (एमपी 09 केडी 6304) सामान लेकर पीथमपुर से राऊ की ओर जा रहा था। नगर पालिका चौराहे से पहले चढ़ाई (घाटी) पर वाहन में अचानक खराबी आ गई और वह पीछे की ओर लुढ़कने लगा।

## लीज नवीनीकरण के लिए रिश्वत मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी जवाहर चौक स्थित मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के कार्यालय में लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आउटसोर्स डेटा एंट्री ऑपरेटर को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी लीज नवीनीकरण के बदले 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार सुल्तानाबाद निवासी दूधनाथ शुक्ला, जो उपभोक्ता संघ से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1993 में उन्होंने अपनी पत्नी के नाम से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोटरा सुल्तानाबाद में ईडब्ल्यूएस श्रेणी का मकान लिया था और उसकी रजिस्ट्री कराई थी। अब मकान की लीज के नवीनीकरण के लिए मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के संपदा शाखा कार्यालय में प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान वहां कार्यरत आउटसोर्स डेटा एंट्री ऑपरेटर ज्ञानेंद्र कुमार पटेल ने काम कराने के बदले 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी।

## संपादकीय

### 47% तक महंगा हुआ पैरासिटामोल का कच्चा माल दवा बाजार में मची हलचल

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध का असर अब भारत के दवा बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। कच्चे माल की कीमतों में तेजी के कारण बुखार और पेनकिलर से लेकर सर्जिकल सामान तक महंगे होने की आशंका जताई जा रही है। कारोबारियों के अनुसार, दवा और सर्जिकल आइटम के रेट में 20 से 25 प्रतिशत की तेजी आ सकती है। जिसको लेकर दवा बाजार में हलचल है। दवाओं के मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्टर लक्ष्य खन्ना बताते हैं कि दवा निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कई जरूरी कच्चे माल, जैसे केमिकल कंपोनेंट्स, प्लास्टिक और एल्युमीनियम की कीमतों में हाल के दिनों में बढ़ोतरी हुई है। इनका सीधा असर दवा कंपनियों की लागत पर पड़ रहा है। दरअसल, टैबलेट और सिरप के निर्माण के साथ-साथ उनकी पैकेजिंग में भी प्लास्टिक और एल्युमीनियम का बड़ा उपयोग होता है। कीमतें बढ़ने से कंपनियों की उत्पादन लागत बढ़ रही है, जिसका असर अब दवा की कीमतों पर दिखने लगा है। लक्ष्य ने एक रिपोर्ट साझा करते हुए बताया कि आम इस्तेमाल की दवाओं में शामिल पैरासिटामोल के कच्चे माल की कीमत भी करीब 47% तक बढ़ गई है। दर्द निवारक डाईक्लोफेनाक में 54% और डाईक्लोफेनाक पोटेशियम में 33% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, एंटीबायोटिक्स भी इससे बचे नहीं हैं। अमॉक्सिसिलिन ट्राइहाइड्रेट की कीमत में 45% और सिप्रोफ्लोक्सासिन करीब 62% तक का इजाफा हुआ है। वहीं, दवा कारोबारी आशीष ग्रोवर ने बताया कि दवा के साथ ही सर्जिकल आइटम में भी 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि होने के आसार हैं। दवा कारोबारी आशीष ग्रोवर बताते है कि दवा से लेकर सर्जिकल आइटम के दामों में तेजी आने वाली है। क्योंकि, कच्चे माल से लेकर दवाओं की पैकिंग का खर्च बढ़ गया है। नतीजतन, नए खेप की दवाओं में इसका असर देखने को मिल सकता है। आशीष ने बताया कि इसी बीच कुछ ऐसे कारोबारी है जिन्होंने दवा से लेकर सर्जिकल आइटम आइटम के रेट बढ़ा दिए है। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। पुरानी खेप की दवाएं और सर्जिकल आइटम की कीमत पहले वाली ही होगी।

## ज्ञान-विज्ञान

# 'एस्टेरॉयड टकराया और 328 फीट ऊंची मेगा-सुनामी आई'

## वैज्ञानिकों ने सिल्वरपिट क्रेटर बनने के रहस्य से हटाया पर्दा

**वैज्ञानिकों ने उत्तरी सागर के नीचे मौजूद विशाल गड्ढे (क्रेटर) के बनने की वजह खोज लेने का दावा किया है। ये क्रेटर 43-46 मिलियन साल पहले किसी एस्टेरॉयड या धूमकेतु की टक्कर की वजह से बना था। इस टक्कर से एक भीषण सुनामी पैदा हुई थी, जिसकी लहरें 100 मीटर (328 फीट) तक ऊंची थीं। यह अध्ययन सही साबित हुआ तो सिल्वरपिट क्रेटर की उत्पत्ति से जुड़े दशकों पुराने रहस्य को सुलझा देगा। यह क्रेटर उत्तरी सागर की तलहटी में है।**

रिसर्च में दावा किया गया है कि यूके में यॉर्कशायर के तट से 80 मील दूर और उत्तरी सागर के नीचे समुद्र तल से 700 मीटर नीचे स्थित सिल्वरपिट क्रेटर तब बना, जब 160 मीटर का एस्टेरॉयड समुद्र तल से टकराया था। इससे आई मेगा-सुनामी मशहूर बिग बेन से ज्यादा ऊंची थी। इसी से समुद्र तल में क्रेटर बन गया।



### एस्टेरॉयड से आई महा-सुनामी

एडिनबर्ग की हेरियट-वॉट यूनिवर्सिटी के डॉक्टर उइसडीन निकोलसन के नेतृत्व में नेचुरल एनवायरनमेंट रिसर्च काउंसिल (NERC) के सहयोग से की गई रिसर्च से पता चला है कि 40 मिलियन साल पहले प्राचीन उत्तरी सागर में 160 मीटर चौड़ा एक एस्टेरॉयड गिरा था। एस्टेरॉयड समुद्र तल से टकराया तो जबरदस्त धमाका हुआ। रिसर्च टीम का हिस्सा रहे वैज्ञानिकों ने बताया, 'इस टक्कर के कुछ ही मिनटों के भीतर चट्टानों और पानी की 1.5 किलोमीटर ऊंची एक दीवार बन गई, जो बाद में ढहकर समुद्र में समा गई। इससे 100 मीटर से भी ज्यादा ऊंची एक सुनामी पैदा हुई। इसी घटना के नतीजे में आज का मशहूर 'सिल्वरपिट क्रेटर' बना।

### समुद्र से लिए गए नमूने

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह सुनामी लंदन के मशहूर ऐतिहासिक स्थल बिग बेन से ज्यादा ऊंची रही होगी, जिसकी ऊंचाई 96 मीटर है। वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च पर बात करते हुए बताया कि अध्ययन में अत्याधुनिक 'सीस्मिक इमेजिंग'किया गया और समुद्र में बने एक तेल के कुएं से नमूने लेकर जांच की गई।

नमूनों की जांच करने पर दुर्लभ शॉक्ड क्वार्ट्ज और फेल्डस्पार मिले। ये सूक्ष्म क्रिस्टल केवल एस्टेरॉयड के टकराव से बनते हैं। डॉक्टर निकोलसन ने कहा कि ये क्रिस्टल 'इम्पैक्ट क्रेटर' (टकराव से बने गड्ढे) से जुड़ी परिकल्पना को सच साबित करते हैं। इनकी बनावट ऐसी है, जो अत्यधिक दबाव से ही बन सकती है।

# अमेरिका-इजरायल के महाविनाशक बमों से ईरान में तेजाबी बारिश, होर्मुज में जले टैंकर, पर्यावरण को कितना संकट?

अमेरिका और इजरायल दोनों मिलकर ईरान पर महाविनाशक बमों से हमले कर रहे हैं। वहीं ईरान भी अपनी सैकड़ों मिसाइलों की बौछार से पूरे खाड़ी क्षेत्र में भयानक जवाबी हमले कर रहा है। ईरानी नौसेना होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकरों पर हमले कर रही है जिससे कई जहाज तबाह हो गए हैं। वहीं ओमान से लेकर सऊदी तक में तेल क्षेत्रों पर ईरान ने ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। अमेरिका-इजरायल ने भी ईरान के तेल ठिकानों को निशाना बनाया है। इस ईरान में तेजाबी बारिश हुई है जिसे 'ब्लैक रेन' भी कहा जा रहा है। इससे ईरानी नागरिकों ने सिरदर्द, सांस लेने में तकलीफ और तेल के अंश से भरी बारिश की शिकायत की है। ईरान के रेड क्रिसेंट सोसायटी का कहना है कि अमेरिकी-इजरायली हमले के बाद यह बारिश बहुत खतरनाक और तेजाब से भरी हो सकती है।

इन दिनों दुनिया की ऊर्जा राजनीति कागज पर खींची एक पतली लकीर पर टिक गयी है। पश्चिम एशिया के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की दो मील चौड़ी समुद्री पट्टी वह लकीर है। यह दक्षिण में ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और उत्तर में ईरान के बीच स्थित है, जहां से होकर दुनिया में कच्चा तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस पहुंचती है। यह दुनिया का महत्वपूर्ण तेल संचालन बिंदु है, जो फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ता है।

होर्मुज जलमार्ग और ऊर्जा आपूर्तिः होर्मुज जलमार्ग के माध्यम से वैश्विक तेलऔर गैस आपूर्ति का 20 फीसदी हिस्सा बाधित हो गया है। यहां से वैश्विक तेल उत्पादन का एक तिहाई और प्राकृतिक गैस का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। साल 2024 में होर्मुज से होकर गुजरने वाले 84 प्रतिशत तेल और 83 प्रतिशत एलएनजी की आपूर्ति एशियाई बाजारों तक पहुंची।



तेल टैंकर और रिफाइनरी पर हमले का असरः स्टेट ऑफ होर्मुज में यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (UKMTO) की रिपोर्ट के अनुसार तीन कार्गो शिप में आग लग गई है। ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर पर हमला हुआ। तेल डिपो और रिफाइनरी पर हमलों से तेहरान में धुएं का गुबार छा गया है। तेल जलने से कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन के ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर (PM) (धुंध/धुआं) और कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) साथ ही अन्य हानिकारक हाइड्रोकार्बन उत्सर्जित होते हैं।

तेल जलाने से खतरनाक गैसों और महीन कणों (पीएम) का एक जटिल मिश्रण निकलता है जो कई प्रकार के तत्काल और दीर्घकालिक प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों का कारण बन सकता है। इसमें मुख्य रूप से श्वसन, हृदय और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। ये प्रदूषक श्वसन रोग, फेफड़ों की बीमारी, अम्लीय वर्षा, और ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनते हैं। इन घटनाओं के असर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि यह आस पास के निवासियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकते हैं।

**जोखिम स्कोरः** जीरो कार्बन एनालिटिक्स की ताजा ब्रीफिंग के अनुसार होर्मुज जलमार्ग अवरुद्ध रहने का सीधा और सबसे गहरा असर एशिया पर पड़ेगा। यह एशिया और यूरोप में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर सकता है। इनमें 4 देश - चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया - कुल तेल प्रवाह का 75 प्रतिशत और एलएनजी का 59 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। जापान की कुल ऊर्जा खपत का 87 प्रतिशत आयातित जीवाश्म ईंधनों से आता है। दक्षिण कोरिया में यह आंकड़ा 81 प्रतिशत है। इसके विपरीत, चीन की आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता लगभग 20 प्रतिशत और भारत की 35 प्रतिशत है। इस आधार पर तैयार जोखिम स्कोर में जापान सबसे ऊपर, उसके बाद दक्षिण कोरिया, फिर भारत और चीन आते हैं।

**जापान पर प्रभावः** विश्लेषण बताता है कि जापान की स्थिति सबसे संवेदनशील है। जापान आज एक चौराहे पर खड़ा है। साल 2011 के फुकुशिमा दुर्घटना के बाद उसने परमाणु ऊर्जा पर निर्भरता घटाई है और जीवाश्म ईंधनों का हिस्सा बढ़ाया। हालांकि साल 2025 की सातवीं सामरिक ऊर्जा योजना में साल 2040 तक रिन्यूएबल ऊर्जा का हिस्सा 50 प्रतिशत तक ले जाने की बात करती है, फिर भी 30 से 40 प्रतिशत बिजली उत्पादन आयातित जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर रहने की संभावना है।

**तेल और गैस की क़ीमतेंः** मध्य पूर्व से तेल निर्यात बंद होने से वैश्विक तेल और गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं। कच्चे तेल की कीमतें 4.7% तक बढ़कर जनवरी 2025 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। यूरोपीय गैस की कीमतों में भी 40% तेजी आयी। चीनी, उर्वरक और सोयाबीन की कीमतों में भी वृद्धि हुई है।

New Delhi

# अपनों की बगावत से फिर पस्त कांग्रेस! 11 विधायकों ने दिया धोखा, क्यों नहीं रुक रही क्रॉस-वोटिंग?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस के 11 विधायकों ने पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की है। इस घटना ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया है कि जब कांग्रेस विपक्ष में होती है, तो केंद्र और राज्य दोनों स्तरों के चुनाव उसकी सबसे बड़ी कमजोरी साबित होते हैं।

हरियाणाः कांग्रेस के 5 विधायकों ने पार्टी के खिलाफ जाकर वोट किया। इसके अलावा यहां 4 वोट अमान्य घोषित किए गए, जिसे कांग्रेस ने साजिश करार देते हुए आरोप लगाया है कि रिटर्निंग ऑफिसर ने भाजपा के एजेंट की तरह काम किया।



ओडिशाः यहां 3 विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया। जिससे कांग्रेस-बीजेडी समर्थक उम्मीदवार की हार हुई।

जिन राज्यों में कांग्रेस विपक्ष में है, वहां राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों में बार-बार होने वाली यह बगावत या क्रॉस-वोटिंग मुख्य रूप से दो कारणों का नतीजा हैः भाजपा के नेतृत्व वाले सत्ताधारी दलों का प्रभाव या फिर पार्टी के भीतर की गुटबाजी।

हालांकि, पिछले दो चुनाव हारने के बाद कांग्रेस इस बार हरियाणा में राज्यसभा चुनाव जीतने में कामयाब रही, लेकिन बिहार और ओडिशा में अपने सहयोगियों को फायदा पहुंचाने की उसकी कोशिशें बुरी तरह नाकाम रहीं।

Uttarakhand

## पहले LPG संकट और अब बिजली... नैनीताल के 80 हजार लोग हो रहे परेशान



**नैनीताल, (एजेंसी)** पहाड़ों का खूबसूरत शहर नैनीताल की रफ्तार इन दिनों जैसे थम सी गई है. एक तरफ जहां रसोई गैस का गहराता संकट लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना रहा है, तो दूसरी तरफ हाल ही में आई भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने बिजली व्यवस्था को ऐसा झटका दिया कि पूरे शहर दो दिन से परेशान है. हालात ऐसे बने कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी नैनीताल में जिंदगी जैसे ठहर गई हो. अधिकारियों ने बताया कि तेज तूफान और भारी ओलावृष्टि के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ गए, जिससे बिजली की कई लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं. इसका असर यह हुआ कि शहर और आसपास के इलाकों में करीब 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही. यह सिर्फ एक तकनीकी समस्या नहीं थी, बल्कि इसका असर सीधे आम लोगों के जीवन, कारोबार और प्रशासनिक कामकाज पर भी पड़ा. बिजली गुल होते ही शहर की रफ्तार अचानक धीमी पड़ गई. घरों में अंधेरा छा गया, पानी की सप्लाई प्रभावित हुई और मोबाइल नेटवर्क तक लड़खड़ाने लगा. पर्यटकों से भरे इस शहर में होटल और गेस्ट हाउसों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. कई जगहों पर जनरेटर भी जवाब दे गए, जिससे मेहमानों को असुविधा झेलनी पड़ी. न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस संकट का सबसे ज्यादा असर नैनीताल और उसके आसपास के इलाकों जैसे पदमपुरी, ओखलकांडा, सुखाताल और पाइन्स में रहने वाली करीब 80 हजार की आबादी पर पड़ा.

New Delhi

## CJI का सुझाव-फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

**नई दिल्ली।** भारत के चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए? CJI ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा? उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। CJI सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे, क्योंकि यह पूरा माहौल बच्चों के मन में डर पैदा करता है, खासकर तब जब वे किसी भी व्यवस्था के सबसे ज्यादा पीड़ित होते हैं।

Uttarpradesh

## रात में गिरा टीनशेड, बालक समेत तीन की मौत, तीन घायल

**मैनपुरी, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में बड़ा हादसा हुआ है। थाना कुरावली इलाके के गांव जटपुरा में मंगलवार रात हुए हादसे में एक आठ वर्षीय बालक समेत परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। तीन घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।**

हादसा टीनशेड के गिरने की वजह से हुआ। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली। कुरावली थाना इलाके के गांव आटपुरा में बृजेश सिंह जाटव मंगलवार रात को परिवार सहित टीनशेड के नीचे सो रहे थे। रात को मकान की कच्ची दीवार पर रखी टीनशेड सो रहे लोगों पर गिर गई।

हादसे में परिवार के छह लोग गंभीर रूप से



घायल हो गए। सभी घायल सीएचसी कुरावली लाए गए। वहां चिकित्सक ने 40 साल की रूबी, आठ साल का दिलीप पुत्र बृजेश, 13 साल की देवी पुत्री बृजेश को मृत घोषित कर दिया। घायल बृजेश, 15 वर्षीय गुड़िया, पांच वर्षीय पल्लवी का उपचार चल रहा है।

खेल

# वनडे रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंचीं हरमनप्रीत

## मंधाना बल्लेबाजों में शीर्ष पर बरकरार



**दुबई।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष पर बरकरार हैं। हरमनप्रीत को रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ, जबकि न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन दो पायदान लुढ़कर नौवें नंबर पर खिसक गई हैं। भारत की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स 12वें स्थान पर मौजूद हैं।

### मैडी ग्रीन ने लगाई लंबी छलांग

न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज में जिम्बाब्वे के खिलाफ 94 रन की पारी खेली जिससे वह रैंकिंग में पांच स्थान के सुधार से 17वें नंबर पर पहुंच गई हैं। ऑलराउंडर अमेलिया केर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 21वें स्थान से संयुक्त रूप से 19वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

### इसाबेल गेज ने तीन स्थान का किया सुधार

बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, तेज गेंदबाज रोजमेरी मेयर सात स्थान ऊपर चढ़कर 58वें और ब्री इलिंग पांच स्थान की बढ़त के साथ 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं।

जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है। वहीं, सोफी डिवाइन ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 12 रन देकर चार विकेट झटके, जिससे वह 104वें स्थान से 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

सिनेमा

## 39 की उम्र में दुल्हन बनेंगी श्रद्धा कपूर, BF राहुल मोदी संग कब लेंगी फेरे? परिवार ने बताया



बॉलीवुड की ब्यूटी क्वीन श्रद्धा कपूर अपनी शादी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. लंबे समय से श्रद्धा का नाम राइटर राहुल मोदी संग जुड़ रहा है. दोनों अपनी शादी को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं. फैंस को भी श्रद्धा को दुल्हन के जोड़े में देखने का इंतजार है. अब श्रद्धा की शादी पर उनकी मौसी तेजस्विनी कोल्हापुरे ने चुप्पी तोड़ी है. फ्री प्रेस जर्नल संग बातचीत में श्रद्धा कपूर की मौसी तेजस्विनी कोल्हापुरे ने एक्ट्रेस की शादी को लेकर बात की. श्रद्धा की वेडिंग न्यूज पर उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा- सच में? मुझे इस बारे में नहीं पता. मुझे तो कोई आइडिया ही नहीं है. तेजस्विनी कोल्हापुरे ने श्रद्धा की तारीफ करते हुए ये भी कहा कि उन्हें गर्व है कि एक्ट्रेस अपने परिवार की लीगेसी को आगे लेकर गई हैं. उन्होंने कहा कि श्रद्धा ने जिस ग्रेस के साथ परिवार के नाम को रोशन किया है उससे वो बहुत ज्यादा खुश हैं. श्रद्धा कपूर की मौसी, तेजस्विनी कोल्हापुरे ने ये भी बताया कि वो और श्रद्धा एक दूसरे के काम को डिस्कस करती हैं. दोनों सेट से तस्वीरें, वीडियो और अलग-अलग फिल्मों में एक-दूसरे के लुक शेयर करती हैं. तेजस्विनी ने यह भी बताया कि वो और श्रद्धा एक-दूसरे को सलाह तभी देती हैं, जब उन्हें लगता है कि किसी चीज में वाकई सुधार किया जा सकता है.

## Highlights

1. **Varun Gandhi meets PM Modi, calls him 'true guardian of the nation'**
2. **Top Congress leader Pradyut Bordoloi resigns ahead of Assam polls**
3. **Canada PM asks 'How was your Instagram in India?'; Finland Prez mentions 'Dhurandhar'**
4. **Rain likely in Delhi in next 3 days, yellow alert issued**
5. **ACs, TVs, cars may get costlier from April as input costs surge amid Iran war: Report**

# Iran war impact to show on India GDP, inflation in risk to 'Goldilocks' economy

**NEW DEIHI, (Agency).** Surging crude oil prices and acute LPG shortage are rippling through the Indian economy as the Iran war drags on, disrupting industries and prompting analysts to cut growth forecasts while warning of rising inflation.

India is among the economies most exposed to the West Asia crisis as it imports about 90% of its crude oil and nearly half of its liquefied petroleum gas. About half of its crude and over three-fourths of LPG imports pass through the Strait of Hormuz, now effectively shut by Iran, pushing oil prices above $100 a barrel.

The disruption has triggered an LPG shortage across households, hotels and restaurants, while industries that rely on gas are shutting down operations. The shortages are raising concerns about a sharp slowdown in Asia's third-largest economy just as it was recovering from the pandemic.




Economists at banks including Goldman Sachs Group, Australia and New Zealand Banking Group and IndusInd Bank Ltd. expect slower GDP growth due to reliance on imported oil. Goldman Sachs last week cut its 2026 growth forecast by half a percentage point to 6.5% while ANZ sees expansion slowing to 6.5%-6.8%, in the fiscal year starting April from about 7%. IndusInd Bank's Gaurav Kapur sees a 30-basis-point hit with growth at around 6.5% and warns weaker consumption could weigh on the recovery.

"The overall impact on growth will be more dampening than inflation," Kapur said. "The government has enough fiscal space to absorb the oil price hit through excise duty cuts, but the hit on the industrial sector will impact growth."

Satyabhan Singh, 35, a food delivery driver, says his daily income has fallen by more than half to about ₹800 as fuel costs rise. He now spends ₹300-400 a day on petrol, meaning any increase in pump prices could wipe out what little he earns.

# Reliance accelerates plans for Jio IPO, DRHP likely in the next 2-3 weeks

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Ltd. is accelerating plans to list Jio Platforms Ltd., appointing a massive syndicate of Wall Street and domestic banks for what is poised to be India's largest-ever initial public offering.

Jio Platforms is in the final stages of preparing its draft red herring prospectus, with an aim to file the paperwork with the Securities and Exchange Board of India within the next two to three weeks, Bloomberg New and Mint reported on Wednesday, citing people familiar with the matter. The Jio IPO filing will include the company's December-end financials, setting the stage for a highly anticipated listing later this year, according to people familiar with the matter.




The Jio IPO, when it happens, would mark the first listing from the Reliance Industries stable in nearly two decades.

The Jio IPO details

Target valuation: $100 billion and $120 billion. Issue size: Jio plans to dilute a 2.5% stake. Structure: A large offer-for-sale by existing investors. Lead bankers: Kotak Mahindra Capital Co. Ltd.

# डिवाइडर-फुटपाथ पर लगे होर्डिंग्स हटाने के नगर निगम को निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने शहर में डिवाइडर और फुटपाथ पर लगे अवैध होर्डिंग्स को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने इंदौर नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि नियमों के विरुद्ध लगाए गए होर्डिंग्स की पहचान कर उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।**

यह आदेश जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया, जिसमें याचिकाकर्ता सुदेश गुप्ता की ओर से अधिवक्ता अभिनव पी. धनोडकर ने पैरवी की। याचिका में आरोप लगाया गया कि निजी पक्षों को विज्ञापन अधिकार देने और शहर में यूनिपोल या होर्डिंग्स लगाने का कार्य मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम, 2017 के प्रावधानों के विपरीत किया गया है। सुनवाई के दौरान एडवोकेट धनोडकर ने तर्क दिया कि नियमों के अनुसार डिवाइडर और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार के होर्डिंग्स की अनुमति नहीं है, इसके बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे होर्डिंग्स लगाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इनसे आम नागरिकों की आवाजाही बाधित हो रही है और सड़क सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। याचिका के साथ प्रस्तुत तस्वीरों में भी शहर के विभिन्न स्थानों पर ऐसे होर्डिंग्स दिखाए गए। मामले की सुनवाई में राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अमित भाटिया उपस्थित रहे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, याचिकाकर्ता को सात कार्य दिवस के भीतर रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेजने और चार सप्ताह के भीतर उसकी वापसी सुनिश्चित करने को कहा गया है। अंतरिम आदेश में न्यायालय ने विशेष रूप से नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया है कि वे डिवाइडर और फुटपाथ पर नियमों के विरुद्ध लगे सभी होर्डिंग्स की जांच कर उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करें। यह आदेश न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ द्वारा पारित किया गया। मामले की अगली सुनवाई नियत समय पर होगी।

# नाबालिग से छेड़छाड़, लॉ स्टूडेंट से बदसलूकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में 13 साल की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के बाद उस पर जानलेवा हमला किया गया, वहीं द्वारकापुरी में लॉ की छात्रा से लगातार छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

बाणगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम अलवासा नयापुरा में रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि 15 मार्च की शाम वह कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान इमरान ने उसे रास्ते में रोक लिया और हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई। जब परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपी इमरान अपने पिता अनीस खान, मां परवीन और बहन शालू के साथ पीड़िता के घर पहुंच गया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान इमरान ने घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से छात्रा पर हमला करने की कोशिश की। बचाव में आई मां के हाथ में चाकू लगने से वह घायल हो गई। वहीं अन्य आरोपियों ने पिता के साथ भी मारपीट की।

घटना के बाद आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। डरे हुए परिजन घर के अंदर छिप गए। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मेडिकल के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के हवा बंगला इलाके में रहने वाली लॉ की छात्रा ने राहुल गुजराती के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार आरोपी आए दिन बाइक से उसके घर के पास चक्कर लगाता था और हॉर्न बजाकर परेशान करता था। सोमवार रात जब वह जिम से घर लौट रही थी, तब आरोपी ने बाइक से कट मारी और उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की। छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी और मां के साथ आरोपी के घर पहुंची, लेकिन वह नहीं मिला। बाद में रास्ते में मिलने पर आरोपी ने छात्रा और उसकी मां से विवाद किया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बाणगंगा मामले में आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जबकि द्वारकापुरी मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# जूस दुकान संचालक ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में रहने वाले एक जूस दुकान संचालक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले उसने अपनी पत्नी और ढाई साल की बेटी को ससुराल भेज दिया, जिसके बाद खुद फंदे पर झूल गया। शाम को जब पत्नी घर लौटी तो दरवाजा नहीं खुलने पर उसने ससुर और अन्य परिजनों को सूचना दी। अंदर जाकर देखा तो युवक का शव फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई। खजराना पुलिस ने संजू (26) पुत्र रेवाराम चौहान, निवासी स्टार चौराहा की मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि संजू इलाके में जूस की दुकान चलाता था और ई-रिक्शा से भी जुड़ा काम करता था। सोमवार को वह काम पर नहीं गया था। पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। संजू मूल रूप से देवास का रहने वाला था। उसने करीब चार साल पहले प्रेम विवाह किया था। परिवार में उसके दो बड़े भाई हैं, जो अलग रहते हैं, जबकि संजू सबसे छोटा था।

## प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह परिजनों ने महिला का शव घर में फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद उसे तुरंत भंडारी अस्पताल ले जाया गया। रानगर पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान संतोष कुमारी (32) पत्नी दीपक यादव, निवासी भाग्यश्री कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजन उन्हें मृत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि संतोष के पति प्रॉपर्टी का काम करते हैं। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसका फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार में देवर, सास-ससुर और दो बच्चे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प. ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।